पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें : कलेक्टर

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी गुरूवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अकेलगढ़ स्थित शहरी जल योजना कोटा के मुख्य जल शोधन संयंत्र पहुंचे और जल शुद्धिकरण, क्लोरीनेशन एवं संयंत्र से पेयजल वितरण की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। डॉ.गोस्वामी ने क्लीन वॉटर रिजर्वोयर के पानी की अवशिष्ट क्लोरीनेशन चैकिंग भी की। पेयजल वितरण से जुड़े अभियंताओं से पानी की गुणवत्ता पर चर्चा के दौरान जिला कलक्टर को सहायक अभियंता उत्पादन उपखंड अकेलगढ़ ने बताया कि सप्ताह में दो बार प्रयोगशाला में रॉ वॉटर एवं क्लीन वॉटर टेस्टिंग की जाती है। साथ ही सप्ताह में दो बार क्लोरीनेशन भी किया जाता है।

कोटा जिला कलेक्टर ने जल शोधन संयत्र में फिल्टर करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली है।

डॉ. गोस्वामी ने अधिशाषी अभियंता, पीएचईडी नगर खंड प्रथम भारत भूषण मिगलानी को निर्देश दिए कि शहर में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के साथ ही पेयजल गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए बढ़ रही पानी की मांग के मध्यनजर उन्होंने कहा कि आगामी एक माह तक पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाएं-इससे पहले जिला कलक्टर शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र महावीर नगर तृतीय पहुंचे और वहां मौजूद चिकित्साधिकारी से डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने तथा उनकी रोकथाम के लिए फील्ड में चल रहे अभियान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही आमजन को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए एवं एंटी लार्वा गतिविधियां चलाएं। डॉ. गोस्वामी ने ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर, दवा वितरण केन्द्र, प्रयोगशाला एवं मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूकता सामग्री आदि का जायजा लिया।

छात्रावासों के गार्जियन बने प्रशासनिक अधिकारी-डॉ. गोस्वामी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं प्रत्येक डेस्क पर जाकर कार्मिकों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों के कक्ष एवं डेस्क पर उनके नाम एवं पदनाम की जानकारी वाली नेम प्लेट लगी हो ताकि कार्यालय में आने वाले आमजन को पता रहे कि उन्हें अपने काम के लिए किससे मिलना है। साथ ही, सम्पर्क पोर्टल पर आई शिकायत के निस्तारण में इस बात का ध्यान रखें कि परिवादी समस्या समाधान से संतुष्ट हो। जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित 26 छात्रावासों में एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को गार्जियन बनाने के निर्देश दिऐं। उन्होंने कहा कि गार्जियन बने अधिकारी माह में एक बार हॉस्टल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे एवं छात्रावासों में आ रही समस्याओं के समाधान के साथ ही दानदाताओं को भी प्रोत्साहित करेंगे।

किसानों ने एस.डी.एम. को सौपा ज्ञापन

छीपाबड़ौद । लहसून मंडी में फैली अव्यवस्थाओं व मंडी प्रशासन की लापरवाही को लेकर किसान संघ छीपाबड़ौद ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा। लहसुन मंडी में प्रशासन की लापरवाही के कारण एक गरीब किसान जसवंत कुशवाहा का लहसुन व अन्य किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी हो गई। जिसे 22 मई को लहसुन मंडी में लाया गया था। गरीब किसानो का लाखों का नुकसान हो गया । इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है। इस घटना में मंडी प्रशासन की मिली भगत सामने आती है।

मंडी प्रशासन के लापरवाही व अव्यवस्था के कारण कई बार चोरियां होती रहती है। अवैध ट्रैक्टर ट्राली से किसान परेशान है। किसान संघ ने किसानों की समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की।इस दौरान प्रदेश आमंत्रित सदस्य रामनाथ मालव,जिला सदस्य गोविंद नागर, सुरेश चंद नागर, तहसील मंत्री रामस्वरूप मालव, डालचंद मालव, सुरेंद्र कुमार, पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश कुशवाह, नवल मेहता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार, अरविंद,चंद्र मोहन, धनराज, नवल किशोर,घनश्याम, आयुष सहित कई किसान मौजूद रहे। वहीं मंडी के व्यापारियों ने भी उक्त घटना पर रोष जताया हे।

सार-समाचार

सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

कोटा, (निसं)। अखिल हाड़ौती वाल्मीकि समाज समिति का 15वां सर्व-समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन गुरुवार को विज्ञान नगर स्थित बीएसएनएल कॉलोनी में संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदेशभर से आए 60 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस दौरान गणेश स्थापना, तोरण, वरमाला, फेरे, पाणिग्रहण संस्कार समेत अन्य सभी रीति-रिवाज परंपरागत तरीके से सम्पन्न किए गए। सम्मेलन स्थल पर हजारों लोग को भोज भी किया गया था। विवाह सम्मेलन में विधायक संदीप शर्मा, गुरुदेव कृष्णा शाह विद्यार्थी महामंडलेश्वर वाल्मिकी धाम पंचकुइयां नई दिल्ली, आचार्य प्रीतम पंवार , मुख्य चीफ इंजीनियर बीएल पचेरवाल, समाजसेवी राजेंद्र राठौड़ अतिथि के रूप में वर-वधु को आशीर्वाद देने सम्मेलन स्थल पर पहुंचे। अध्यक्ष अशोक पचेरवाल ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान वर-वधु को वाल्मीकि रामायण और गुरुजी के वचन की पुस्तक देकर कन्यादान किया गया। वहीं सभी को पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि वर वधु को भेंट स्वरूप फ्रीज, एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, सोने का मंगलसूत्र, सोने की लौंग, कान के टॉप्स, बिछिया, अंगूठी, चांदी की पायजेब, गैस सिलेंडर, अलमारी, कूलर, पलंग, बर्तन और बिस्तर समेत विभिन्न उपहार दिए गऐं। सम्मेलन में भाग लेने के लिए कोटा संभाग समेत मध्यप्रदेश के श्योपुर, नीमच, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर से भी जोड़े आए थे। इस अवसर पर अशोक पचेवाल, राजेंद्र घेंघट, अजय पचेरवाल, रामप्रसाद पचेरवाल, भगवान दास तेजी, कबीर धूलिया, सूरजमल खोड़ा, लोकेश वर्मा, शिवदत्त पंवार, भगवान तेजी, राम जाने चंडालिया, देवेंद्र मेघवाल, सुकेश मंडल, छगन साहू समेत कई लोग मौजूद रहे।

लहसुन मंडी में चोरी

छीपाबड़ौद।राजस्थान की विशिष्ट लहसुन मंडी हरनावदा जागीर छीपाबड़ौद से लहसुन से भरी ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रैक्टर मालिक रणजीत गुर्जर निवासी बिन्दाराड़ी ने थाना में दी शिकायत में बताया में हलसुन बेचने मंडी में आया था। सुबह देखा तो मेरा ट्रैक्टर नही मिला। वही पास में ही अमृत लाल कुशवाह की ट्रॉली में ओम प्रकाश कुशवाह व गोविंद कुशवाह का लगभग 15 क्विंटल लहसुन भरा हुआ था। जिसे ट्रैक्टर से फांद कर कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। गरीब किसान का दुख कर बुरा हाल हुआ।पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

भागवत कथा आज से

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम बालाजी धाम पर स्व.श्री कृष्ण वल्लभ ओझा कि स्मृति में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा आज से प्रारंभ होगी। अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि 24 से 30 मई तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कथा प्रवक्ता सुरेन्द्र शास्त्री द्वारा किया जाएगा। मंदिर समिति संरक्षक एम.एम.कुर्मी ने बताया कि कथा के मुख्य यजमान शांति देवी ओझा है। मुख्य यजमान शांति देवी ओझा ने बताया कि 24 मई,शुक्रवार को सुबह 8 बजे बालाजी धाम पर कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।24 से 30 मई तक दोपहर 01 बजे से सांय 04 बजे तक कथा का रसपान करवाया जाएगा। महासचिव विजय गोयल ने बताया कि भागवत कथा कलश यात्रा महिलाएं कलश धारण कर लाल रंग की पौशाक व पुरुष सफेद रंग की पौशाक में शामिल होंगे। योगेश विजय, ओम प्रकाश शर्मा, ईश्वर लाल सैनी, शिव कुमार सोन, रामभक्त नाटाणी रामकृष्ण खंडेलवाल सहित कई व्यक्ति भागवत कथा कार्यक्रम को सफल बनाने में बनाने में जुट गए है।

धोखाधड़ी, जालसाजी से सावधान

कोटा, (निसं)। श्रम विभाग के नाम से फर्जी व्यक्तियों द्वारा विभाग की संचालित योजनाओं के आवेदनों को स्वीकृत कराने के लिए दूरभाष या अन्य माध्यम से पैसों की मांग की जा रही है। संयुक्त श्रम आयुक्त दीपक यादव ने बताया कि इन फर्जी व्यक्तियों का विभाग के किसी अधिकारी, कर्मचारी सें कोई संबंध नहीं है तथा विभाग की संचालित योजनाओं के आवेदनों को स्वीकृत कराने के लिए दूरभाष द्वारा कोई संपर्क नहीं किया जाता है। संयुक्त श्रम आयुक्त ने बताया कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इस प्रकार के फ्रॉड, धोखाधड़ी, जालसाजी के कार्य वाले लोगों से सावधान रहें और तत्काल स्थानीय श्रम विभाग के कार्यालय को, विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-1800-999 पर या अपने नजदीकी पुलिस थाने में प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं के आवेदनों का निस्तारण विभाग द्वारा फिफो प्रणाली के अनुसार किया जाता है।

दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

कोटा, (निसं)। जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लखावा, कोटा में गुरूवार को दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के द्वितय दिवस पर आचार्य डॉ.नूपुर अग्रवाल के मार्गदर्शन में सहभागी शिक्षको ने मनोवैज्ञानिक उपकरण के माध्यम से व्यक्तित्त्व मापन एवं अधिगम स्थान्तरण से सम्बंधित प्रयोग किये। कार्यशाला के अगले क्रम में आचार्य डॉ.दीपिका जोशी ने प्रश्न पत्र निर्माण करने की की विधियों को बताया और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के भाषा, विज्ञान एवं सामाजिक विषयों पर शिक्षकों से प्रश्न पत्रों का निर्माण करवाया। कार्यशाला में राजस्थान के विभिन्न जिलों बीकानेर, बांसवाड़ा, उदयपुर, बाड़मेर, हनुमानगढ़ एवं कई क्षेत्रों से आऐं राजकीय सेवारत शिक्षकों, महाविद्यालय स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। अंत में प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा सिंह ने शिक्षा में नवाचार लाने हेतु कार्यशाला के दो दिवस में की गई विभिन्न क्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डाला एवं सभी का उत्साहवर्धन किया।

भगवान गौतम बौद्ध का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

कोटा, (निसं)। ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन कोटा मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुद्ध पूर्णिमा पर शाक्य मुनि भगवान गौतम बुद्ध का 2568 वां जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। एसोसिएशन मंडल कार्यालय मे बौद्ध बंदना करके खीर एवं शरबत किया गया।

मंडल सचिव अभय सिंह मीणा ने बताया कि भगवान गौतम बुद्ध कहते थे कि मैं ईश्वर को किस आधार पर मानु, इंसान के जीवन में ईश्वर का क्या योगदान है, शरीर माता-पिता की देन है, कर्म स्वयं पर निर्भर है, पेट खुद भरता है और मृत्यु अटल है जिसे कोई रोक नहीं सकता, ईश्वर की पूजा करो तब भी मरना है, ना करो तब भी मरना हैं, मरने के बाद जीवन है या नहीं, किसी को नहीं पता, धर्म की किताबों में स्वर्ग और नर्क लिखा हुआ है, लेकिन कौन स्वर्ग और नरक होकर आया हैं, अभी तक न तो ईश्वर को देखा है, और ना ही महसूस किया हैं, तो ईश्वर को मैं किस आधार पर स्वीकार करूं। इसलिए इंशान के द्वारा किये गए कार्य की आपको महान बनाते है, यही अटल सत्य है जिसे सबने देखा है एवं महसूस किया है। इस अवसर पर एसोसिएशन मंडल कार्यालय में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा बौद्ध वंदना की गई एवं बौद्ध वंदना के बाद डीआरएम कार्यालय के सामने अंडर ब्रिज रोड ऑफिस कॉलोनी के सामने पर सुबह के समय खीर एवं दोपहर मे सरवत का वितरण किया गया, लगभग 10 हजार राहगिरों खीर एवं शरबत का सेवन किया।

दो बच्चियां चाईल्ड लाईन के सुपुर्द

कोटा, (निसं)। मण्डल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष कोटा से सूचना प्राप्त हुई कि सवाईमाधोपुर स्टेशन के प्लेटफार्म 01 पर दो नाबालिक लड़की शंकर की स्टाल के पास बैठी है। उक्त दोनों लड़कियों से रेल सुरक्षा बल उपनिरीक्षक जयप्रकाश बघेल सवाई माधोपुर द्वारा महिला प्रधान आरक्षक मधु महेश्वरी के समक्ष पूछताछ की तो उन्होनें बताया कि वह दिनांक 21 मई को अटरू बाजार में समय लगभग दोपहर 2.30 बजे सामान लेने आई थी और उन दोनों लड़कियों को तीन आदमी वैन जैसी कार में बैठा कर ले आये जिन्हें वह नही जानती है और कुछ समय बाद उन्हें होश नही रहा और जब होश आया तो उन्होनें अपने आप को सवाई माधोपुर बजरिया में मन्दिर के पास सोया हुआ पाया और जब होश आया तो वह दोनों रेलवे स्टेशन सवाईमाधोपुर आ जाना बताया।

बिजली-पानी की समस्या को लेकर एस.डी.एम. कार्यालय पर प्रदर्शन

भवानीमंडी । बिजली पानी की समस्या को लेकर मालीखेड़ा ग्रामवासियों ने उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन एसडीएम को ज्ञापन देकर बिजली समस्या दूर करवाकर जल सप्लाई शुरू करवाने की मांग की है । पंचायत समिति भवानीमंडी के माली खेडा सहित करीब आधा दर्जन गांवों में जल संकट गहरा गया है जहां पानी की टंकी तो बना दी लेकिन संबंधित विभाग द्वारा जल सप्लाई नहीं की जा रही जिसके चलते ठाम वासी को करीब 3-3किलोमीटर दूर खेतो से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है यह स्थिति पिछले कई दिनों से चल रही है जिसकी शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई इसी समस्या को लेकर आज ठामवासी महिला पुरुष उपखण्ड कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन देकर भीषण गर्मी में पानी की सप्लाई शुरू करवाने की मांग की है ।

बिजली पानी की समस्या को लेकर मालीखेड़ा ग्रामवासियों ने उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर किया प्रदर्शन

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा का भव्य छात्रावास बनेगा

कोटा, (निसं)। अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की तृतीय बैठक गौतम आश्रम पुष्कर में आयोजित की गई। बैठक में समाजहित व संगठन को और प्रभावी बनाए जाने को लेकर विचार रखे गए और नई कार्ययोजना बनाई गई। अखिल भारतीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा की तृतीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश जोशी प्रधानमंत्री जय किसान पंचारिया महासभा के मुख्य संरक्षक ओमप्रकाश जोशी के संरक्षण हुई। कार्यकारिणी बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए जिसमें महासभा केंद्रीय कार्यालय के लिए भव्य भवन बनाने, कोटा में भूखंड खरीद कर गरीब छात्राओं के लिए विशाल छात्रावास निर्माण करने, आगामी महासभा अध्यक्ष का चुनाव सर्व-सम्मति से करने, वर्षों पुराने चले आ रहे संविधान में वर्तमान समय की मांग के अनुसार संशोधन कर आगामी आमसभा में पारित करने के लिए रखे गए, जिसमें सभी सदस्यों ने सहमति प्रकट की। महासभा के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम ने संगठन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय कार्यालय बनाकर पूरे भारतवर्ष में संगठन को नया आयाम नई टेक्नोलॉजी अपना कर मजबूत करने का आह्वान किया। जितेन्द्र गौतम ने बताया कि इस दौरान कोटा छात्रावास निर्माण के लिए पूरे भारतवर्ष से सभी भामाशाहों ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। जयपुर में गौतम समाज का भव्य भवन बनाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा, महासभा के राष्ट्रीय सचिव गिरधर गोपाल शर्मा, युवक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हर्षित गौतम, केदार शर्मा, पार्षद कुलदीप गौतम, कुंज बिहारी गौतम, संजय शर्मा सहित कई सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान गौतम समाज का 33 जोड़ा का सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया गया इसके संयोजक राधेश्याम शर्मा किशनगढ़ उनकी टीम द्वारा शानदार समुचित व्यवस्था की गई ।

एसिटाबुलम का सफल ऑपरेशन

कोटा, (निसं)। मरीज हेमराज, पुत्र जीतराम, आयु 30 वर्ष, निवासी रामनगर, का दुर्घटना में एसिटाबुलम (कुल्हे के जोड़ के बाल की कटोरी) पुरी तरह से टूट गई थीं। इस मरीज को जयपुर ले जाने की सलाह दी गई, तो मरीज ने आरोग्य श्रीजी हॉस्पिटल में डॉ.ओम प्रकाश मालव (धाकड़) को दिखाया। डॉ.ओम प्रकाश मालव (धाकड़) द्वारा एसिटाबुलम का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में 3 घंटे का समय लगा, अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। टीम में डॉ.एस.के. गर्ग, राकेश, मोहित, रघुवीर, अशोक, मनोज शर्मा आदि का सहयोग रहा। डॉ.राकेश जिंदल ने बताया कि आरोग्य श्रीजी हॉस्पिटल (रंगबाड़ी) में जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन इंजरी एवं एडवांस ट्रोमा सर्जरी सुविधा उपलब्ध है।

समता समिति का स्थापना दिवस 26 को

कोटा, (निसं)। समता आंदोलन का 17वां स्थापना दिवस 26 मई रविवार को सायं 06 बजे हनुमंत वाटिका गोदावरी धाम पर आयोजित किया जाएगा। महामंत्री रासबिहारी पारीक ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में समता आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोदावरी धाम के महंत बाबा शैलेन्द्र नाथ भार्गव करेंगे। महामंत्री कमल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहेगे जो समता आंदोलन की उपब्धियों एवं कार्य योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ समता बंधुओं का सम्मान किया जाएगा। 6 सूत्रीय मांगों पर कार्य-संभागीय अध्यक्ष अनिल शर्मा एवं संभागीय संयोजक राजेन्द्र गौतम ने बताया कि समता आंदोलन समिति 6 सूत्रिय मांगों पर कार्य कर रही है।अधिवेशन में इस पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में हाड़ौती संभाग से समता कार्यकर्ता व आमजन शामिल होगे। उन्होंने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण समाप्त करने, अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम निरस्त किया जावे, जातिगत आरक्षण में क्रीमीलेयर का प्रावधान लागू किया जावे। ई.डब्लू एस. में आरक्षण में लिए गए प्रावधान सभी आरक्षित वर्गों पर लागू हो साथ ही आरक्षण से पीड़ित को 100 गुना मुआवजा दिया जा सके।

भारतीय किसान संघ का किसान सम्मेलन आज

- जिला कार्यकारिणी का होगा निर्वाचन

कोटा, (निसं)। भारतीय किसान संघ जिला कोटा का जिला सम्मेलन शुक्रवार को श्रीरामाशंताय जैविक कृषि अनुसन्धान केन्द्र जाखोड़ा पर आयोजित किया जाएगा। जिसे अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने बताया कि वर्तमान में जिले की 162 ग्राम पंचायत के 870 गांव में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जहां से किसान कोटा पहुंचेंगे।

किसान सम्मेलन के दौरान जिले की तीन वर्षीय कार्यकारिणी का निर्वाचन भी सम्पन्न होगा। किसान सम्मेलन में जिले की कोटा शहर, सुल्तानपुर, दीगोद, इटावा, खातौली, लाड़पुरा, कनवास, सांगोद, बपावर, मंडाना, रामगंजमंडी, चेचट से किसान आएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश गेंदोलिया, मोहनलाल नागर, प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर, प्रदेश मंत्री जगदीश कलमंडा, प्रदेश कोष प्रमुख शिवराज पुरी, प्रान्त संगठन मंत्री परमानन्द, प्रदेश सह महिला प्रमुख भारती नागर, प्रान्त प्रचार प्रमुख आशीष मेहता, महिला प्रमुख रजनी धाकड़, रमा शर्मा, प्रभुदयाल नागर, जोधराज नागर उपस्थित रहेंगे। 12 तहसीलों को गठन सम्पन्न-जिला मंत्री देवीशंकर गुर्जर तथा कोष प्रमुख रूपनारायण यादव ने बताया कि जिले की सभी 12 तहसीलें नवगठित हो चुकी हैं।

कोटा महानगर में बृजराज नागर को अध्यक्ष तथा माणक यादव को मंत्री, लाडपुरा में दाऊशंकर शर्मा को अध्यक्ष व नंदबिहारी सेन को मंत्री, कनवास तहसील में मोहनलाल चौधरी को अध्यक्ष, धन्नालाल प्रजापत को मंत्री, सांगोद तहसील में लालचंद शर्मा को अध्यक्ष, गिरिराज मेहता को मंत्री, बपावर तहसील में धनराज नागर को अध्यक्ष, हेमराज को मंत्री, सुल्तानपुर में शिवराज योगी को अध्यक्ष, पवन शर्मा को मंत्री, दीगोद में बिरधीलाल यादव को अध्यक्ष तथा शिवप्रसाद नागर को मंत्री, इटावा में हुकुम मीणा को अध्यक्ष व अशोक जांगिड़ को मंत्री, खातौली में कृष्णगोपाल नागर को अध्यक्ष व रविंद्र योगी को मंत्री, मंडाना में दुर्गालाल मीणा को अध्यक्ष, रामगंजमंडी में लोकेंद्र सिंह अध्यक्ष तथा कमल पाटीदार को मंत्री व चेचट तहसील में दुर्गालाल अहीर को अध्यक्ष तथा जितेंद्र कुमार चौधरी को मंत्री बनाया गया है।

युवक और युवती गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। शहर के बूंदी रोड़ का एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक युवक-युवती मोटरसाईकिल पर अश्लील हरकत करते नजर आऐं। इस वीडियो को मोटरसाईकिल के पीछे चल रहे एक अन्य वाहन चालक ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। कोटा रजिस्टर्ड बाइक के नंबर प्लेट के आधार पर सिटी पुलिस ने कार्रवाई करते दोनों युवक-युवती को गिरफ्तार कर लिया। सिटी पुलिस की और से बताया गया कि आरोपी युवक-युवती के खिलाफ 294 ए सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने का दर्ज किया गया है। साथ ही मोटरसाईकिल को भी जब्त कर लिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो करीब एक मिनट 14 सेकंड का है।

इसमें युवक तेज गति से सड़क पर बाईक दौड़ाता नजर आया। बाईक चला रहे युवक के आगे की तरफ युवती बैठी थी और सरेआम दोनों अश्लील हरकत करते नजर आऐं। ऐसे में वहां मौजूद लोगों ने इस पूरे कृत्य को अपने मोबाईल के कैमरे में कैद कर लिया। नांता थाना अधिकारी नवल किशोर शर्मा ने बताया कि बुधवार रात को ये वीडियो पुलिस के संज्ञान में आया। इसके बाद गुरुवार सुबह कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी युवक-युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बाईक के नंबर प्लेट के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भ्रम का लक्षण बन सकता है तलाक और मौत का कारण

कोटा, (निसं)। अग्रवाल न्यूरो साइकेट्री सेन्टर जवाहर नगर कोटा के तत्वावधान में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व विभागाध्यक्ष एमबीएस अस्पताल, वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ एम.एल.अग्रवाल ने कहा कि स्किजोफ्रेनिया रोग मनुष्य के विचार, अनुभूति, व्यवहार, भावनाओ के साथ कार्यक्षमता को बहुत प्रभावित करता है। लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि कानों में आवाजें आना, शक, वहम होना, डर लगना, दैनिक क्रिया कलाप नहीं करना, अकेले रहना, अकेलापन, बाहरी दुनिया से अलग-थलग करके अपनी दुनियां में खो जाना, आत्महत्या के विचार आना या आत्महत्या की कोशिश करना, बिना प्रसंगो के बात करना या अचानक हंसने या रोने लग जाना ऐसे अनेक लक्षण है जो कि स्किजोफ्रेनिया पीड़ित व्यक्ति में पाये जाते है। मगर वह व्यक्ति या परिजन इन लक्षणों पर ध्यान नहीं देते या पहचान नहीं पाते है जिससे यह रोग गंभीर रूप ले लेता है और 2 वर्ष बाद ई-रिवर्सेबल चेंजेज आ जाते है यानी लाईलाज हो जाते है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि यह विश्वव्यापी फैला हुआ ऐसा रोग है जो कि प्रति 100 में से एक को होता है।

कोटा में वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. एम.एल.अग्रवाल ने स्किजोफ्रेनिया रोग के विषय पर पत्रकार वार्ता में जानकारी दी है।

भारत में भी लगभग एक करोड़ चालीस लाख इस रोग से पीड़ित है।

इस रोग का प्रमुख कारण रासायनिक क्रियाओं का असंतुलन होता है। डॉ.अग्रवाल ने बताया कि कई प्रचलित भ्रांतियों की चर्चा की साथ ही इन भान्तियों का निराकरण संभव है। जिसमे इस रोग से सम्बंधित वास्तविक तथा काल्पनिक दृश्यों को ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ.अग्रवाल ने बताया कि अगर इलाज ना हो तो यह बीमारी जिंदगी में मौत का और बर्बादी का कारण बन जाती है। इस बीमारी के चलते तलाक तक की नौबत आ जाती है। कई बार ऐसा होता है कि इस इस बीमारी के मरीज को ऐसा लगने लगता है कि सब उसे मारने वाले हैं। ऐसी स्थिति में या तो वह दूसरों पर हमला कर देता है या फिर खुद कोई नुकसान पहुंचा देता है और कुछ केस में तो उसकी मौत तक हो जाती है। पत्रकार वार्ता में राम गोपाल अग्रवाल, आरसी गुप्ता, डॉ अविनाश बंसल, डॉ गिरधर गुप्ता, दिनेश अग्रवाल एवं प्रेस समन्वयक सुधीन्द्र गौड़ उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न

कोटा, (निसं)। वैशाख मास के शुक्ल की पूर्णिमा अर्थात पीपल पूर्णिमा (गुरूवार) के पावन दिन दाधीच छात्रावास समिति के तत्वाधान मे दाधीच सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। अध्यक्ष रवींद्र जोशी (देहित) ने बताया कि 7 जोड़ों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर हिंदू रीति रिवाज से फेरे लिए और अपना जीवनसाथी चुना। महामंत्री निमेश पुरोहित ने बताया कि विनायक स्थापना, वर निकासी, तोरण प्रक्रिया, वरमाला, अग्नि फेरे, पाणिग्रहण संस्कार तक कार्य विधिवत मंत्र उचारण व हर्षोउल्लास के साथ आयोजित किऐं गऐं। नागेश दाधीच ने बताया कि विवाह के दौरान दाधीच समिति की ओर से वर-वधुओं को उपहार में गृहस्थी का सामन भेंट किया गया। समिति के ओर से यह पूर्ण रूप से निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में सुबह से ही वर व वधू पक्ष के लोग पहुंचने लगे। कोषाध्यक्ष रामकल्याण दाधीच व आशीष व्यास ने बताया कि अलग-अलग मंडपों में हिंदू रीति-रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की रस्में संपन्न कराई गई। महिला अध्यक्ष स्मिता व अम्बिका की महिला टीम ने कार्यक्रम सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। वधू पक्ष के परिजन ने अपनी लाड़ली को भींगी पलकों के साथ विदा किया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष अध्यक्ष रवींद्र जोशी (देहित), नागेश दाधीच, जागृति व अर्चना सहित सहित कई समाज के प्रबद्धजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सामूहिक विवाहर सम्मेलन में वर-वधू एवं परिजनों के लिए पाण्डाल में कूलर, पंखे रखे थे।